हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jind - 02 May 2026 - Page 2

रक्तदान मानवता की सच्ची सेवाः सीमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय द्वारा महर्षि पतंजलि योग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक एवं मानवीय पहल का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंदों की सहायता करना रहा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने रक्तदान को मानवता की सच्ची सेवा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना की। साथ ही भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। इसके अतिरिक्त डा. राजेश कुमार बंसल (नियंत्रक परीक्षा) एवं डा. विजय कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

पंजाब केसरी
SAT,02 MAY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 2

रक्तदान मानवता की सच्ची सेवा : प्रो. सीमा

■ एन.एस.एस. ने आयोजित किया रक्तदान शिविर का आयोजन

जींद, 1 मई (ललित) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय द्वारा महर्षि पतंजलि योग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक एवं मानवीय पहल का उद्देश्य समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंदों की सहायता करना रहा। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने रक्तदान को मानवता की सच्ची सेवा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना की। साथ ही भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

इसके अतिरिक्त डॉ. राजेश कुमार बंसल (नियंत्रक परीक्षा) एवं डॉ. विजय कुमार (निदेशक, सामाजिक उत्थान प्रकोष्ठ) भी कार्यक्रम में शामिल हुए और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. नवीन लडवाल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

शिविर में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 96 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। चिकित्सा टीम द्वारा सभी आवश्यक स्वास्थ्य मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया गया, जिससे रक्तदाताओं की सुरक्षा एवं सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया।

रजिस्ट्रार को कार्यक्रम में सम्मानित करते आयोजक।

दैनिक जागरण

Date- 04.05.2026

शिविर में 96 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में आयोजित रक्तदान शिविर। • सीआरएसयू

जागरण संवाददाता • जींद : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के मार्गदर्शन में महर्षि पतंजलि योग भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 96 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने कहा कि ऐसे शिविर समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के उत्साह एवं सहभागिता की सराहना की। साथ ही भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया इसके अतिरिक्त परीक्षा नियंत्रक डा. राजेश कुमार बंसल, डा. विजय कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए और विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजन में नवीन खटकड़ का विशेष सहयोग रहा, जिन्होंने अपनी बेटी के पहले जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस शिविर का आयोजन किया।

Date- 04.05.2026

सीआरएसयू में लगा शिविर, 96 ने किया रक्तदान

जींद की सीआरएसयू में शुक्रवार को अयोजित शिविर में रक्तदान करने वाले विद्यार्थी और स्टाफ सदस्य। -हप्र

जींद (हप्र) : चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय, जींद एनएसएस द्वारा शुक्रवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 96 विधार्थियों, टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने रक्तदान किया। सीआरएसयू की कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने रक्तदान को मानवता की सच्ची सेवा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर समाज में जागरूकता और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. राजेश कुमार बंसल और सामाजिक उत्थान प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ. विजय कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. नवीन लडवाल ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम की सफलता में नवीन खटकड़ के विशेष सहयोग की सराहना की गई, जिन्होंने अपनी पुत्री के प्रथम जन्मदिन के उपलक्ष्य में इस शिविर का आयोजन किया।

अमर उजाला

Date- 04.05.2026

सीआरएसयू में रक्तदान करता युवक। संवाद

शिविर लगाकर 96 यूनिट रक्त संग्रहित किया

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में शुक्रवार को एनएसएस की ओर से रक्तदान शिविर लगाया गया। इस दौरान 96 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कुलसचिव प्रो. सीमा गुप्ता ने कहा कि रक्तदान मानवता की सबसे बड़ी सेवा है क्योंकि रक्त किसी व्यक्ति को जीवनदान दे सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। संवाद